दिन– गुरुवार दिनांक– 06 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. जाति आधारित सर्वेक्षण पर प्रदेश में सियासत तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– जातीय सर्वेक्षण के आधार पर ही चौरानवे लाख गरीब परिवारों को मिल रही है आर्थिक मदद।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान शेखपुरा और लखीसराय जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को बिहार आयेंगे। श्री मोदी भागलपुर में किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे।

04. और, राष्ट्रीय खेलों में आज तीरंदाजी में बिहार को स्वर्ण पदक मिलने की उम्मीद। मुंगेर की अंशिका कुमारी चार बार की ओलम्पियन दीपिका कुमारी से करेंगी मुकाबला।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश में सभी दलों की सहमति से जाति आधारित सर्वे कराया गया था। मुंगेर में प्रगति यात्रा के दौरान जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित सर्वेक्षण के बाद राज्य में चिन्हित चौरानवे लाख गरीब परिवारों को स्व–रोजगार के लिए दो–दो लाख रूपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके आलोक में वंचित वर्ग के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं की शुरूआत की गयी है। इधर, कल पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार की जाति आधारित सर्वे पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तेलंगाना की तर्ज पर देशभर में जातीय जनगणना कराये जाने के पक्ष में है। श्री गांधी ने कहा कि दलित, ओबीसी और आदिवासियों को उचित भागीदारी देने के लिए जाति जनगणना जरूरी है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

इधर, उपमुख्मयंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार विधानमंडल में पारित सर्व सम्मत प्रस्ताव के अनुसार किये गये जातीय सर्वेक्षण पर सवाल उठाकर राहुल गांधी बिहार का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि कर्नाटक सरकार द्वारा की गयी जातीय गणना की रिपोर्ट आठ साल बाद भी आज तक जारी क्यों नहीं की गयी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के क्रम में लखीसराय और शेखपुरा जिले में अनेक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। शेखपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री जिलेवासियों को एक सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली योजनाओं की सौगात देंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

प्रगति यात्रा के सिलसिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज शेखपुरा आ रहे हैं। शेखपुरा जिले के घाटकुसुंभा प्रखंड अंतर्गत गगौर गांव में मुख्यमंत्री अपनी प्रगति यात्रा के दौरान 167 योजनाओं के तहत 150 करोड रुपए की राशि का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस दौरान गगौर गांव में मनरेगा के तहत निर्मित पंचायत खेल मैदान, पंचायत सरकार भवन, जल जीवन हरियाली योजना से नवनिर्मित अमृत तालाब, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र भी का भी लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री नितीश कुमार समारोह में उपस्थित किसानों, ग्रामीणों के साथ–साथ जीविका दीदी के साथ संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए शेखपुरा से निरंजन कुमार।

इधर, लखीसराय जिले में भी मुख्यमंत्री चार सौ चौवालीस करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस दौरान श्री कुमार पंचायत सरकार भवन में ई–लाईब्रेरी और खेल मैदान का उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार लखीसराय रेलवे स्टेशन के पास किऊल नदी पर बनने वाले आरसीसी पुल का भी शिलान्यास करेंगे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी भागलपुर में किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि इसके तहत बिहार के अस्सी लाख किसानों के खाते में योजना की राशि पहुंचेगी। भागलपुर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पांडेय ने बताया कि यह कार्यक्रम भागलपुर हवाई अड्डा मैदान में आयोजित होगा।

———————————————————————————

प्रदेश में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश कुमार चौधरी ने कहा है कि इस मामले में तीन प्राथमिकी दर्ज कराई गयी हैं। श्री चौधरी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है।

———बाइट———

इधर, शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में नियुक्त सहायक प्रध्यापकों के अनुभव और दिव्यांगता समेत अन्य प्रमाण पत्रों की जांच की जायेगी। उन्होंने विश्वविद्यालयों को भेजे पत्र में कहा है कि नव नियुक्त शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच सुनिश्चित की जाए। श्री यादव ने कहा कि गलत प्रमाण पत्रों पर बहाल सहायक प्रध्यापकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी और उनकी सेवा समाप्त की जायेगी।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने मध्याह्न भोजन को लेकर नये दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत अब विद्यालय प्रधान को प्रतिदिन भोजन की गुणवत्ता और इस भोजन को करने वाले बच्चों की संख्या की रिपोर्ट देनी होगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने जिलाधिकारियों को प्रेषित पत्र में कहा है कि इस रिपोर्ट पर प्रधानाध्यापक समेत विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकों के हस्ताक्षर भी होंगे। विद्यालय में फर्जी उपस्थिति रोकने और भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गयी है।

——————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि सभी वसुधा केन्द्रों पर अब जमीन के दस्तावेजों की प्रामाणिक प्रति मिलेगी। साथ ही राजस्व न्यायालय में वाद या मुकदमा भी वसुधा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन दायर किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से ग्रामीणों को काफी सहुलियत होगी। वहीं, विभागीय सचिव जय सिंह ने स्पष्ट किया है कि न्यायालय में वाद दायर करने के लिए चालीस रूपये और जमीन दस्तावेज की कॉपी प्राप्त करने के लिए लोगों को प्रति पृष्ठ बीस रूपये शुल्क देना होगा।

——————————————————————————

और अब खबरें महाकुम्भ से...

———म्यूजिक———

प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति संस्कृतिक समागम–दो हजार पच्चीस का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश भर से पन्द्रह हजार से अधिक आदिवासी भाग लेगें। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि छह दिवसीय उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागी जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेगें। बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष दो हजार पच्चीस को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है।

———कट———

——————————————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिहार को एक स्वर्ण पदक मिलने की उम्मीद है। मुंगेर की अंशिका कुमारी आज तीरंदाजी के रिकर्व प्रतियोगिता के फाईनल में चार बार की ओलम्पियन झारखंड की दीपिका कुमारी से मुकाबला करेंगी। अंशिका कुमारी ने सेमीफाइनल में झारखंड की यूथ वर्ल्ड चैंपियन और जूनियर वर्ल्ड चैंपियन कमौलिका बारी को छह–पांच से हरा कर फाईनल में जगह बनायी है। इधर, मलखंभ को राष्ट्रीय खेलों में मुख्य खेलों की सूची में शामिल कर लिया गया है। इसके बाद इस खेल में भी पदक दिये जाने से बिहार के लिए पदकों की सम्भावना बढ़ गयी है।

——————————————————————————————

बिहार ओलम्पिक एसोसिएशन की एडहॉक कमिटी ने राष्ट्रीय खेलों के लॉन बॉल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता उत्कृष्ट द्विवेदी की उम्र पच्चीस वर्ष से अधिक होने की शिकायत दर्ज करायी है। कमिटी ने द्विवेदी के मेडिकल जांच की मांग की है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेलों के लॉन बॉल प्रतियोगिता के अन्डर ट्वेंटी फाईव पुरूष वर्ग के सेमीफाईनल में उत्तराखंड के उत्कृष्ट ने बिहार के जमील अहमद को बीस–इक्कीस से पराजित किया था। प्रतियोगिता में बिहार को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था।

——————————————————————————————

प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के मौसम में बदलाव की सम्भावना है। इसके चलते तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले दो दिन तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

———बाईट———

——————————————————————————————

पटना के शहीद वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में आज पर्यावरण संवाद का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का उद्घाटना विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह करेंगे। पर्यावरण वन और जलवायु मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार कार्यक्रम के अध्यक्ष होंगे। इस मौके पर नगर विकास मंत्री नितिन नवीन विधायक अरूण कुमार सिन्हा, संजीव चौरसिया और पटना की मेयर सीता साहू भी मौजूद रहेंगी।

——————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– राज्य के चौरानवे लाख गरीब परिवारों को मिल रही मदद।

दैनिक जागरण ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर जारी एक्जिट पोल से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– अधिकतर एक्जिट पोल में दिल्ली में भाजपा सरकार बनने का अनुमान।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर पर लिखा है– दिन में तीखी धूप से सिर्फ नाम की रह गई ठंड, अधिकतम तापमान पच्चीस डिग्री से अधिक पहुंचा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अमेरिकी सेना का विमान एक सौ चार अवैध भारतीयों को लेकर पहुंचा अमृतसर।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– पिछले दिन इंटर परीक्षा से छब्बीस परीक्षार्थी निष्कासित।

आज अखबार लिखता है– बांग्ला देश में बबाल, शेख मुजीबुर्रहमान के घर में लगायी आग।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. जाति आधारित सर्वेक्षण पर प्रदेश में सियासत तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– जातीय सर्वेक्षण के आधार पर ही चौरानवे लाख गरीब परिवारों को मिल रही है आर्थिक मदद।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान शेखपुरा और लखीसराय जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को बिहार आयेंगे। श्री मोदी भागलपुर में किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे।

04. और, राष्ट्रीय खेलों में आज तीरंदाजी में बिहार को स्वर्ण पदक मिलने की उम्मीद। मुंगेर की अंशिका कुमारी चार बार की ओलम्पियन दीपिका कुमारी से करेंगी मुकाबला।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।